तापमान

अधिकतम 37 .2 डिग्री
न्यूनतम 25 .5 डिग्री

हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार 13 मई 2026



12 फैसला आजः 23 के सिर सजेगा ताज, 75 को मिलेगी हार





12 गरीब आवास योजना के प्लाट तक पहुंच रही सड़क पर उगी झाड़ियां




**खबर संक्षेप**

## भंडारे की सेवा 13 मई तक जारी रहेगी

**गोहाना।** टिकाना श्री सति भाई साईं दास सेवा कलानौर के ब्रह्मलीन महंत सतीश दास महाराज की पुण्य स्मृति में 6 मई से शुरू भागवत गीता पाठ के साथ ही भंडारे की निःशुल्क सेवा भी लगातार जारी है। 13 मई को गीता पाठ के साथ ही भंडारे का समापन होगा। भागवत पाठ के बाद प्रतिदिन भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालु निःशुल्क प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। सायं 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक भागवत गीता पाठ व कीर्तन आयोजित होता है। गद्दीनशीन महंत भाई रामसुख दास महाराज के सानिध्य में चल रहे इस कार्यक्रम के संयोजन मंडल में रघुनाथ महाराज, शिवराम महाराज, रघुनंदन महाराज व शिवांश महाराज अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## 22 की बैठक से पहले 16 को बैठक करेंगे पूर्व फौजी

**सोनीपत।** एक्स पैरामिल्ट्री पर्सनल वेलफेयर एसोसिएशन की एक बैठक 22 मई को निर्धारित की गई है। इस बारे में जानकारी देते हुए महासचिव महाबीर सिंह ने बताया कि बैठक सबोली कैंप में होगी। इसी वजह से एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि 16 मई को महलाना रोड स्थित नारायणी माता मंदिर के सामने पार्क में बैठक की जाएगी।

## हत्या की वारदात में आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस ने गांव शामड़ी के ग्रामीण की गोली मारकर हत्या करने की वारदात में आरोपित शामली के मोहम्मद इशरार को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गांव शामड़ी के अंकुश ने 11 जुलाई 2024 को थाना सदर में शिकायत दी थी कि उसके पिता जयपाल सुबह बाइक पर गोहाना के लिए निकले थे। रास्ते में पानीपत-गोहाना रोड स्थित गांव सैनीपुरा के पास बाइक सवार युवकों ने गोलियां मारकर उनकी हत्या कर दी थी।

## गिरफ्तार आरोपित से जेवर व नकदी बरामद

**गोहाना।** गांव बनवासा में ग्रामीण के घर में घुसकर एक युवक ने जेवर और नकदी चोरी कर लिए। ग्रामीण की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज करके आरोपित इसी गांव के तरुण उर्फ आशू गिरफ्तार कर लिया। आरोपित से पूरे जेवर और 13 हजार रुपये की नकदी बरामद की। गांव बनवासा के मेहर सिंह ने सोमवार को पुलिस को शिकायत दी कि रात को अज्ञात व्यक्ति उनके घर में घुस गया। उनके घर में रखे बक्से से सोने व चांदी के जेवर और 40 हजार रुपये चोरी कर लिए। एएसआई विनोद ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपित तरुण उर्फ आशू को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर जेवर और नकदी बरामद की गई।

### हड़ताल के चलते चरमराई सफाई व्यवस्था, बाजारों सहित वार्डों में कूड़े का उठान नहीं होन से फैली गंदगी

# दमकल व सफाई कर्मियों ने शव यात्रा निकाल शहरी स्थानीय निकाय मंत्री का फूंका पुतला

**कर्मचारियों ने नगर निगम से सुभाष चौक तक निकाली शव यात्रा कार्यालय के गेट पर धरना देकर लंबित मांगों पर जताया रोष**

- इनेलो सहित कई संगठनों का मिला समर्थन, इनेलो के जिला प्रधान कुणाल गहलावत बोले सरकार तुरंत वार्ता कर निकाले समाधान
- नगर निगम कार्यालय परिसर में 8 अप्रैल से धरनारत हैं दमकल कर्मी, 1 मई से लंबित मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे सफाई कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम कार्यालय के गेट पर दमकल व सफाई कर्मचारियों का संयुक्त धरना मंगलवार को 35वें दिन जारी रहा। कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार से आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। इस दौरान नगर निगम कार्यालय छावनी में तब्दील रहा। दिनभर कई थानों की पुलिस नगर निगम कार्यालय व रेलवे रोड पर तैनात रही। कर्मचारियों ने धरना देकर अपनी लंबित मांगों को लेकर नारेबाजी की। इसके बाद हड़ताली दमकल व सफाई कर्मचारियों ने नगर निगम कार्यालय से सुभाष चौक तक पुतले की शव यात्रा निकाल सरकार की वादाखिलाफी के प्रति रोष जताया। इससे पहले पुतले की आरती उतारी गई। सभी संविदा व पे-रोल कर्मियों ने सुभाष चौक पर राजस्व आपदा प्रबंधन व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल के पुतले का अर्थी सहित दहन किया। महिलाओं ने पुतले की जूतों से पिटाई की। वहीं सोमवार को रेलवे रोड पर गिराए गए कूड़े का 24 घंटे बाद भी उठान नहीं हो पाया। बता दें कि हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर दमकल कर्मी 8 अप्रैल और नगरपालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर सफाई कर्मचारी सफाई का काम बंद कर 1 मई से नगर निगम कार्यालय परिसर में हड़ताल पर हैं। संयुक्त कर्मचारियों ने हड़ताल के रूप में 14 मई तक अपना धरना जारी रखने का निर्णय लिया है। उधर कई दिन से सड़कों, गलियों में फैला कचरा नगर निगम कार्यालय के गेट तक आ पहुंच चुका है, लेकिन मंगलवार को भी कच्चे कर्मचारियों ने कूड़े का उठान नहीं होने दिया। ऐसे में स्थानीय दुकानदारों के साथ आवागमन कर रहे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। नगरपालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश महासचिव मांगेराम, इकाई प्रधान भारत कंडेरा, फायर विभाग यूनियन के जिला प्रधान राजीव खत्री, पूर्व प्रधान संदीप तुर, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान देशराज नैन, सीआईटीयू की जिला प्रधान सुनीता, कोषाध्यक्ष शिलकराम मलिक सहित कई नेताओं ने कर्मचारियों को संबोधित किया।

सफाई संकट



सोनीपत। सुभाष चौक पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री के पुतले का अर्थी सहित दहन करते दमकल व सफाई कर्मी।



सोनीपत। शहर में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री के पुतले की शव यात्रा निकालते दमकल व सफाई कर्मचारी।



रेलवे रोड पर दुकानों के आगे लगे कूड़े के ढेर।




निगम कार्यालय के सामने एक दिन बाद भी लगे कूड़े के ढेर

### निगम संयुक्त आयुक्त को सुनाई खरी-खोटी

कर्मचारियों ने धरने के दौरान नगर निगम कार्यालय में पहुंची संयुक्त आयुक्त को खरी-खोटी सुनाई। इस दौरान माहौल की गंभीरता को देखते हुए पुलिस बल ने सुरक्षा के बीच उन्हें कार्यालय कक्ष तक पहुंचाया। कर्मचारियों ने चेताया कि अगर सरकार समय रहते दमकल व सफाई कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं करती है, तो कर्मी नगर निगम कार्यालय के गेट पर स्थाई रूप से तालाबंदी करने को तैयार हैं। उनकी मांग पूरी नहीं होने तक वह क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को सुचारू नहीं होने देंगे। सभी कर्मचारी काम बंद रखकर हड़ताल जारी रखेंगे। सरकार समय रहते कर्मचारियों की मांगों का पत्र जारी कर समाधान करवाए। अन्यथा हड़ताल के दौरान जो भी कार्यवाही होगी, उसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### कर्मचारियों को इनेलो सहित कई संगठनों का मिला समर्थन

हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को मंगलवार को इनेलो, सीआईटीयू, ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने अपना समर्थन दिया। कर्मचारियों के साथ धरने पर बैठे इनेलो के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सरकार व प्रशासन पर निशाना भी साधा। सरकार की वादाखिलाफी के कारण आज सफाई कर्मचारी सड़कों पर बैठने को मजबूर हैं। इनेलो के जिलाध्यक्ष कुणाल गहलावत ने कहा कि इनेलो दमकल व सफाई कर्मचारियों की जायज मांगों का पूर्ण समर्थन करती है। सरकार की हठधर्मिता के कारण शहर डंपिंग यार्ड बनता जा रहा है। शहर में गंदगी के अंबार लग गए हैं, जगह-जगह कचरे के ढेर लगने से महामारी फैलने का खतरा पैदा हो गया है, जिसकी सीधी जिम्मेदार प्रशासन की लापरवाही व कर्मचारियों के प्रति उनका अड़ियल रवैया है। कर्मचारी अपनी जायज मांगों जैसे कच्चे को पक्का करना, ठेका प्रथा बंद करना, समान काम-समान वेतन, पुरानी पेंशन बहाली को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनके प्रति संवेदनहीन बनी हुई है। सरकार को तुरंत वार्ता कर समाधान निकालना चाहिए।



सोनीपत। नगर निगम कार्यालय के गेट पर इनेलो जिला प्रधान कुणाल गहलावत व अन्य पदाधिकारियों के साथ धरने पर बैठे कर्मचारी।

### उठान नहीं होने पर कूड़े में आग लगा रहे दुकानदार

हड़ताल पर चल रहे कर्मियों के बीच मंगलवार को डोर-टू-डोर कूड़े का उठान तो हुआ, लेकिन शहर में सड़कों पर सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। कई दिन से सड़कों पर झाड़ू नहीं लगी है, सड़कों किनारे लगे कूड़े के ढेर से अव्यवस्था का माहौल बनने लगा है। वहीं पक्के सफाई कर्मियों ने दावा किया कि शहर में सड़कों व नालों की सफाई जारी है, लेकिन शहर के बाजारों सहित कुछ वार्डों में कूड़े का उठान नहीं होने दिया जा रहा है। कई जगह कूड़े के लगे ढेर दावों की पोल खोल रहे हैं। उधर कूड़े का उठान नहीं होने से कच्चे क्वार्टर मार्केट के दुकानदारों ने दुकानों के आगे पड़े कूड़े के उठान का इंतजार कर उसमें आग लगाई।

# एचएसवीपी कार्यालय गेट पर ताला लगाकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

- मांगों को लेकर पांचवें दिन भी धरना जारी, अधिकारियों ने दिया समाधान का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन जिला कमेटी सोनीपतवन, संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच सोनीपत का धरना मंगलवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों ने सुबह एचएसवीपी कार्यालय गेट पर ताला लगाकर नारेबाजी की। बाद में एचएसवीपी सोनीपत के संपदा अधिकारी सिद्धार्थ धरना स्थल पर पहुंचे और कर्मचारियों से बातचीत कर ताला खुलवाया। उन्होंने बताया कि पहले कार्यकारी अभियंता जगमाल ने ज्वाइनिंग नहीं दी थी, लेकिन अब अधीक्षक अभियंता अजीत सिंह को कार्यकारी अभियंता सोनीपत के आदेश जारी कर दिए गए हैं और जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। धरने की अध्यक्षता जिला चेयरमैन राकेश त्यागी और जिला प्रधान सुरेंद्र सिंह ने की, जबकि संचालन जिला सचिव योग प्रकाश नागर और राज्य कार्यालय सचिव समेश कुमार ने किया। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आर.के. नागर ने कहा कि मांगें पूरी होने तक धरना जारी रहेगा। उन्होंने कुछ कर्मचारियों पर यूनियन के नाम पर फर्जी चुनाव कराने का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।



सोनीपत। संपदा अधिकारी सिद्धार्थ सिंह को ज्ञापन पत्र देते हुए हुड़ाजन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के कर्मचारी।

## विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाला काबू

**गोहाना।** थाना सदर की पुलिस ने गांव मुंडलाना के युवक को अमेरिका भेजने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में आरोपित जींद में गांव अलेवा खांडा के रोशनलाल को प्रोडक्शन वारंट लेकर गिरफ्तार किया। न्यायालय ने उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा। गांव मुंडलाना के देवेंद्र ने 27 नवंबर 2025 को पुलिस को शिकायत दी थी कि उसने अपने भतीजे राहुल को पढ़ाई के आधार पर अमेरिका भेजने के लिए रिश्तेदार रोशन से संपर्क किया था। रोशन ने खुद को एजेंटों से जुड़ा बताते हुए अमेरिका भेजने का भरोसा दिलाया। आरोप है कि दिसंबर 2023 में रोशन अपने साथ वेदप्रकाश, बलवंत और अमित को लेकर उसके घर पहुंचा और 51 लाख रुपये में अमेरिका भेजने का सौदा तय हुआ। इसके बाद आरोपितों ने अलग-अलग किस्तों में करीब 40 लाख रुपये ले लिए।

# खाखी ड्रेस पहनकर 15 लाख की लूट की सूचना निकली फर्जी

- कारोबारी की कार में ही मिला रुपयों से भरा बैग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जीटी रोड स्थित बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के निकट फ्लाईओवर पर दिन दहाड़े 15 लाख रुपये व मोबाइल लूट की सूचना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पानीपत के अग्रसेन कालोनी निवासी बैटरी व्यवसायी साहिल ग्रोवर ने आरोप लगाया कि खाखी ड्रेस पहने बाइक सवार दो युवकों ने चेकिंग के बहाने उसकी कार रुकवाई और बेहोशी की दवा सुंघाकर कार का शीशा तोड़ दिया। आरोप था कि आरोपित कार में रखे 15 लाख रुपये व मोबाइल लेकर फरार हो गए। साहिल के अनुसार वह दिल्ली से पांच लाख रुपये लेकर चला था और मुरथल स्थित एल्डिको सिटी के बाहर अपने जीजा से 10 लाख रुपये लेने के बाद पानीपत लौट रहा था। उसने बताया कि होश आने पर उसने राहगीर का फोन लेकर स्वजन को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसीपी ऋषिकांत, बड़ी थाना प्रभारी और गन्नौर थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो कार के आसपास कोई बाइक सवार दिखाई नहीं दिया। इसके बाद पुलिस को मामले में शक हुआ और साहिल से गहन पूछताछ की गई।



गन्नौर। पुलिस टीम के साथ लूट की साजिश की झूठी सूचना देने वाला साहिल ग्रोवर।

### साजिश का पता लगाने में जुटी पुलिस

एसीपी ऋषिकांत ने प्रेसवार्ता कर बताया कि लूट की सूचना गलत निकली है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि साहिल ग्रोवर सट्टेबाजी का काम करता है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि उसने इस तरह की साजिश क्यों रची। मामले में उससे आगे भी पूछताछ की जाएगी। पूछताछ के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# फ्री शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 18.59 लाख की साइबर ठगी का भंडाफोड़

- साइबर थाना पुलिस ने मध्यप्रदेश से दो आरोपितों को दबोचा, 8 .81 लाख रुपये कराए होल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

फ्री में शेयर मार्केट और ट्रेडिंग सिखाने का झांसा देकर 18.59 लाख रुपये की साइबर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का सोनीपत साइबर थाना पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मामले में मध्यप्रदेश के नीमच से दो आरोपितों विवेक और धीरज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 3300 रुपये नकद और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जबकि ठगी गई रकम में से 8,81,101 रुपये विभिन्न बैंक खातों में होल्ड और लीन कराए गए हैं। थाना साइबर सोनीपत के प्रभारी निरीक्षक बसंत कुमार की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस टीम में सहायक उप निरीक्षक नवदीप, सहायक उप निरीक्षक नवीन, सिपाही नवीन और सिपाही सुमित शामिल रहे।

कुंडली निवासी निलाद्री शेखर ने शिकायत दी थी कि जनवरी 2026 में उनके व्हाट्सएप पर फ्री शेयर मार्केट और ट्रेडिंग सिखाने का संदेश आया। इसके बाद एक महिला ने उन्हें ऐप डाउनलोड करवाकर एलकेपी सिक्योरिटीज का अकाउंट खुलवाया और रोजाना 15 से 20 प्रतिशत मुनाफे का लालच देकर निवेश करवाया। आरोपितों ने आईपीओ में तीन गुना लाभ का झांसा देकर विभिन्न खातों में रकम जमा करवाई और कुल 18.59 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह फर्जी वेबसाइट और फर्जी दस्तावेजों के जरिए लोगों को निवेश के नाम पर जाल में फंसाता था।

## पीजी में रसोइया पर जानलेवा हमला, मौत

**सोनीपत।** कुंडली क्षेत्र स्थित एक पीजी हॉस्टल में रसोइया पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। गंभीर रूप से घायल कर्मी की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में कुंडली थाना पुलिस ने पीजी के सुपरवाइजर के बयान पर आरोपी कर्मी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। अब मामले में गैर इरादतन हत्या की धारा जोडने की तैयारी है। प्याऊ मनियारी निवासी धर्मेंद्र ने प्राथमिकी दर्ज कराई कि वह डायमंड पीजी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। 8 मई को ड्यूटी समाप्त होने के बाद वह अपने घर चले गए थे। उन्हें 9 मई को पीजी संचालिका का फोन आया कि पीजी में कार्यरत कर्मी रसोईया देवराज घायल हो गया है और उसे अस्पताल ले जाया गया है। देवराज सिंह मूलरूप से उत्तराखंड के जिला टिहरी गढ़वाल के गांव चिलेडी पट्टी के रहने वाले थे और अब उनका परिवार राजस्थान के जयपुर स्थित गांधी पथ मोदी नगर में रहता हैं।

### 10 मई को हुई थी प्रतियोगिताः 90 किलो डेडलिफ्ट उठा बनाया कीर्तिमान

# नॉर्थ इंडिया चैंपियनशिप में 9 साल के अयान ने 'स्ट्रांग मैन' का जीता खिताब

- चैंपियनशिप में गौरव सिंगला ने बेंच प्रेस में गोल्ड, डेडलिफ्ट में सिल्वर मेडल, निखिल दहिया व गौरव शर्मा ने भी जीते गोल्ड
- प्रशिक्षक विकास सिंगला ने द एग्जोटिक जिम में किया खिलाड़ियों का स्वागत, वरिष्ठ प्रशिक्षक जुगल धवन ने फोन पर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नॉर्थ इंडिया चैंपियनशिप में जिले के 9 साल के अयान खान ने स्ट्रांग मैन का खिताब जीतकर प्रदेश व जिले का मान बढ़ाया। चैंपियनशिप का आयोजन 10 मई को दिल्ली में किया गया। जिसमें जिले के पावरलिफ्टरों ने अपनी ताकत का लोहा मनवाया और विभिन्न पदक अपने नाम किए।



सोनीपत। ओल्ड डीसी रोड स्थित द एग्जोटिक जिम में प्रशिक्षक विकास सिंगला के साथ मेडल विजेता खिलाड़ी।

ओल्ड डीसी रोड स्थित द एग्जोटिक जिम के पावरलिफ्टरों ने चैंपियनशिप में 4 गोल्ड सहित कई मेडल जीतकर सफलता के झंडे गाड़े। मेडल लेकर लौटे खिलाड़ियों की ऐतिहासिक जीत पर प्रशिक्षक विकास सिंगला ने द एग्जोटिक जिम में अपने शिष्यों का स्वागत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही वरिष्ठ प्रशिक्षक एवं राजीव गांधी अवॉर्डी जुगल धवन ने सभी को फोन पर बधाई दी।

चैंपियनशिप की दिलचस्प बात यह रही कि जिले के 9 साल के अयान खान ने 90 किलो डेडलिफ्ट उठाकर सभी को चकित किया, जो अपने आप में मिसाल बना। सबसे कम उम्र के इस खिलाड़ी ने स्ट्रांग मैन का खिताब जीतकर सभी को हैरान किया। अयान ने डेडलिफ्ट में 90 किलो वजन उठाकर न केवल गोल्ड मेडल जीता, बल्कि यह साबित किया कि प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती।

### दिल्ली चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने जीते पदक

साथ ही अयान के पिता समीर ने भी इस प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर परिवार व जिले का नाम रोशन किया। इसके अलावा चैंपियनशिप में गौरव सिंगला ने बेंच प्रेस में गोल्ड मेडल, डेडलिफ्ट में सिल्वर मेडल हासिल किया। निखिल दहिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। गौरव शर्मा ने भी अपनी श्रेणी में गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। प्रशिक्षक विकास सिंगला ने बताया कि युवाओं ने दिल्ली में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले ही नहीं, प्रदेश का नाम रोशन किया है, यह उनकी कड़ी मेहनत का ही नतीजा है। प्रशिक्षण के तौर पर हमेशा युवाओं को अनुशासन व उनकी सही ट्रेनिंग पर जोर दिया जाता है। इन खिलाड़ियों ने मेडलों से अपनी व हमारी मेहनत को सफल बनाया है।




# भगवान शिव की भूमिका निभाएंगे रणवीर...

**मुंबई।** रणवीर सिंह अपनी फिल्मों में एक बड़ा बदलाव करने जा रहे हैं। वह एक प्रसिद्ध लेखक की शिव त्रयी (मेलुहा के अमर श्रृंखला) पर बनी फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म में रणवीर भगवान शिव का किरदार निभाएंगे रणवीर ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी मां कसम फिल्म्स के जरिए 'द इमॉर्टल्स ऑफ मेलुहा' के अधिकार खरीद लिए हैं। यह किताब और इसके दो सीक्वल प्राचीन मेलुहा राज्य में एक हिमालयी योद्धा की कहानी बताते हैं। रणवीर ने बिरला स्टूडियोज के साथ मिलकर इस कहानी को तीन बड़ी फिल्मों की श्रृंखला (त्रयी) के रूप में बनाने की योजना बनाई है। रणवीर काफी समय से इसकी कहानी को बड़े पर्दे पर लाना चाहते थे।

लाइफ Style



# प्रियंका

## मीरा की फिल्म अमरी में आएंगी नजर

प्रसिद्ध निर्देशक और निर्माता मीरा नायर अपनी नई फिल्म 'अमरी' लेकर आ रही हैं। यह फिल्म भारत की मशहूर पेंटर के जीवन और उनकी कला पर आधारित है। डॉक्यूमेंट्री फिल्मों से अपने निर्देशन कॅरियर की शुरुआत करने वाली मीरा नायर अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस फिल्म का नाम है 'अमरी'। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और जयदीप अहलावत के अलावा भी कई कलाकाल महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। मीरा नायर की नई फिल्म 'अमरी' में मुख्य भूमिका में अंजलि शिवरामन अमृता शेर-गिल का किरदार निभाएंगी। एमिली वॉटसन उनकी मां मैरी-एंटोनेट का रोल करेंगी। जयदीप अहलावत उनके पिता उमराव सिंह शेर-गिल के किरदार में नजर आएंगे। क्रिस्टियन साकवारी विक्टर ईगन के रूप में नजर आएंगी। अंजना वासन इंदिरा शेर-गिल के रूप में और जिम सरभ कार्ल खंडालावाला के रूप में नजर आएंगे। इन सभी के अलावा प्रियंका चोपड़ा मैडम अजूरी के रोल में नजर आएंगी। प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म की एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर भी हैं। मंगलवार को मीरा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी नई फिल्म 'अमरी' का पहला लुक जारी किया है। अमृता शेर-गिल की कला ने मीरा नायर को बहुत प्रभावित किया है। एएनआई के अनुसार मीरा ने कहा, ''अमरी' अमृता शेर-गिल की कला से प्रेरित है। उन्होंने यूरोप में अच्छी ट्रेनिंग ली और फिर भारत की आत्मा को अपनी पेंटिंग में उतारा। उनके रंगों की हिम्मत और आम लोगों को चित्रित करने का तरीका मुझे हमेशा प्रभावित करता रहा है।'

हॉलीवुड मसाला



# वन लाइफ... से मिली पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** 'वन लाइफ टू लिव' और 'हाउ टू सरवाइव अ मैरिज' जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध अभिनेत्री जेनिफर हरमन का निधन हो गया है। जेनिफर ने 82 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा। जेनिफर हरमन लोकप्रिय टीवी शो 'वन लाइफ टू लिव' में 'कैथी' का किरदार निभाने के लिए जानी जाती थीं। वह इस भूमिका को निभाने वाली पांचवीं अभिनेत्री थीं। उन्होंने 1976 से 1978 तक यह रोल किया और इसके लिए डे-टाइम एमी अवॉर्ड के लिए नामांकन भी मिला था। इससे पहले उन्होंने 1974-75 में एनबीसी के शो 'हाउ टू सरवाइव ए मैरिज' में मुख्य भूमिका में नजर आई थीं।



# ब्रिटनी को हुई एक दिन की जेल, कबूला जुर्म

**लॉस एंजिल्स।** प्रिंसेस ऑफ पॉप कही जाने वाली अमेरिकन सिंगर-परफॉर्मर ब्रिटनी स्पीयर्स एक कानूनी पचड़े में फंस गई हैं। ब्रिटनी ने साउथ कैलिफोर्निया में शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले से जुड़े कम गंभीर आरोप में अपना जुर्म कबूल कर लिया। इसके बाद सिंगर को 12 महीने का प्रोबेशन और एक दिन के जेल की सजा सुनाई गई है।ब्रिटनी स्पीयर्स ने अपने वकील माइकल ए गोल्डस्टीन के जरिए वेंचुरा काउंटी सुपीरियर कोर्ट में अपना जुर्म कबूल किया। स्पीयर्स सुनवाई में मौजूद नहीं थीं, उनके वकील ने उनका प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद वेंचुरा काउंटी कमिश्नर मैथ्यू नेमरसन ने ब्रिटनी स्पीयर्स को 12 महीने का प्रोबेशन और एक दिन की जेल की सजा सुनाई। उन्हें जरूरी जुर्माना भरने, राज्य द्वारा निर्धारित तीन महीने के ड्राइविंग अंडर इन्फ्लुएंस एजुकेशन प्रोग्राम को पूरा करने का भी आदेश दिया।



# महाकालेश्वर पहुंचीं तमन्ना आरती में दिखीं लीन


**मुंबई।** अभिनेत्री तमन्ना भाटिया मंगलवार को महाकाल के दर्शन करने पहुंचीं। उन्होंने उज्जैन के महाकालेश्वर में भस्म आरती में भाग लिया और प्रार्थना की। इस दौरान तमन्ना पूरी तरह से महाकाल की भक्ति में लीन नजर आईं। दर्शन करने के बाद उन्होंने अपने अनुभव को भावपूर्ण और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर बताया। उन्होंने कहा, 'इस स्थान पर तभी जाया जा सकता है, जब खुद महाकाल का बुलावा आता है। सभी के साथ बैठकर भस्म आरती देखने का मौका मिलना अपने आप में एक खास अनुभव है। यह एक ऐसा एहसास जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती। यहां आकर मन को शांति मिलती है और अंदर सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है। यहां एक ऐसी ऊर्जा है, जिसे सबके साथ बैठकर महसूस करना वाकई आनंदित करता है। यहां आना मेरा सौभाग्य है।'



# वकील की भूमिका में होंगी सोनाक्षी...

**मुंबई।** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा एक कोर्टरूम ड्रामा के साथ वापसी कर रही हैं। उनकी आगामी फिल्म 'सिस्टम' का ट्रेलर मंगलवार जारी कर दिया गया है। इस फिल्म में सोनाक्षी एक वकील की भूमिका में नजर आ रही हैं। फिल्म का ट्रेलर सत्ता, महत्वाकांक्षा और न्याय के टकराव की एक रोमांचक कानूनी लड़ाई की झलक दिखाता है। सिस्टम 22 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। 2 मिनट के इस ट्रेलर की शुरुआत सोनाक्षी के किरदार नेहा से होती है। नेहा एक दृढ़ निश्चयी युवा वकील है और अपने पिता की लॉ फर्म में पार्टनर बनने के लिए खुद को योग्य साबित करने की कोशिश कर रही है। इसके लिए पिता (आशुतोष गोवारिकर) उसे एक कठिन केस लेने की चुनौती देते हैं। अपनी लड़ाई को मजबूत करने के लिए, नेहा सारिका (ज्योतिका) को अपने साथ लाती है।

टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी में स्टंट करने में मेरी हालत होगी खराब...

**नई दिल्ली।** टीवी पर हमेशा हंसते, दूसरों को सहज महसूस कराते और हर मुश्किल पल को मजाक में बदल देने वाले ऋत्विक धनजानी इस बार खुद डर के बीच फंसे नजर आएंगे। दरअसल, ऋत्विक 'खतरों के खिलाड़ी 15' में बतौर कंटेस्टेंट हिस्सा लेने जा रहे हैं। लेकिन, दिलचस्प बात ये है कि 'खतरों के खिलाड़ी 15' में जाने से पहले ऋत्विक किसी माचो इमेज में फिट होने की कोशिश नहीं कर रहे। हाल ही में उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर मैं डरूंगा, तो वो दिखेगा भी। ऋत्विक ने अपने गेम प्लान, डर, स्टंट और मेडिटेशन के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें आज भी ऊंचाई से डर लगता है। उन्होंने कहा, 'हाइट्स हमेशा से मेरे लिए थोड़ा ट्रिगर रही हैं। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो कैमरे के सामने ये दिखाएं कि मुझे किसी चीज से फर्क नहीं पड़ता। अगर डर है तो है। मैं उसे छिपाने वाला नहीं। मुझे लगता है लोग आज बहुत जल्दी नकली चीज पकड़ लेते हैं। इसलिए, मैं यहां कोई सुपरहीरो बनने नहीं आया हूं। मैं बस रियल रहना चाहता हूं। अगर किसी स्टंट में मेरी हालत खराब होगी, तो होगी। अगर मैं पैनिक करूंगा, तो वो भी दिखेगा।'जब उनसे पूछा गया कि क्या वो इस शो के जरिए अपनी कोई इमेज बदलना या तोड़ना चाहते हैं? इस पर एक्टर ने कहा, 'मैं कोई इमेज नहीं तोड़ना चाहता, क्योंकि सच कहूं तो मैंने कभी खुद को किसी इमेज में बांधा ही नहीं। लेकिन हां, लोग मुझे हमेशा हंसते हुए देखते हैं, मजाक करते हुए देखते हैं।

## अमीरों की चकाचौंध भरी जिंदगी में तांक-झांक!

**नई दिल्ली।** टेलीविजन की चर्चित जोड़ी करण कुंद्र और तेजस्वी प्रकाश काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इस चर्चित जोड़ी को फैंस खूब पसंद करते हैं। हाल ही में इन्हें 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' में देखा गया था। अब ये दोनों दुबई पहुंचे हैं। वे यहां बड़े-बड़े लोगों की जिंदगी से जुड़ी चीजों को करीब से देख रहे हैं। ऐसा वे अपने नए रियलिटी शो 'देसी ब्लिंग' के कारण कर रहे हैं, जिसका मंगलवार को ट्रेलर रिलीज हुआ है। 'देसी ब्लिंग' एक रियलिटी शो है, जो नेटफ्लिक्स पर आएगा। आज सोमवार को ओटीटी के दिग्गज प्लेटफॉर्म ने इसका ट्रेलर जारी किया है। इस शो में दरअसल, दुबई में रहने वाले अमीर भारतीयों को दिखाया जाएगा। उनकी लाइफस्टाइल, विचार और तौर-तरीके ट्रेलर के साथ ही इस शो की रिलीज डेट का भी पता चल गया है। इसका प्रीमियर 20 मई से नेटफ्लिक्स पर होगा। नेटफ्लिक्स ने ट्रेलर जारी करते हुए लिखा है, 'बुर्ज खलीफा जितने बड़े ड्रामा के लिए खुद को तैयार रखें।



## कान फिल्म फेस्टिवल में छाईं आलिया

# सामने आई पहली झलक ...

**लॉस एंजिल्स।** कान फिल्म फेस्टिवल का आगाज मंगलवार को ओपनिंग सेरेमनी के साथ हुआ। इस प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में दुनियाभर की सिनेमा और फैशन जगत की चर्चित हस्तियां शामिल होती हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट भी यहां पहुंची हैं। कान फेस्टिवल से उनका एक लुक सामने आया है। आलिया भट्ट ने लाइट ग्रीन कलर का फ्लोरल कौर्सेट कैरी किया है, जो व्हाइट बॉलगाउन स्कर्ट सरीखा लग रहा है। आलिया का यह लुक बेहद रिफ्रेशिंग और स्टाइलिश है। एक्ट्रेस ने ग्लोबल मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वे ग्लैमरस लुक में इतनी सहज और प्यारी लग रही हैं कि देखने वाले लोग तारीफें कर रहे हैं।आलिया ने व्हाइट बेस पर येलो, ग्रीन और ब्लू शेड वाले इस फ्लोरल लुक गाउन के साथ अपने हेयर स्टाइल को भी बेहद खास रखा है। उन्होंने हाईबन बनाया है। आलिया ने अपना लुक बेहद सिंपल रखा है। न उन्होंने गले में नेकलेस पहना है न कलाई पर कोई ब्रेसलेट या घड़ी। इसके बावजूद अपने दमदार अंदाज से उन्होंने लोगों का ध्यान खींचा है। आलिया भट्ट का कान फेस्टिवल का यह लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और नेटिजंस के रिएक्शन सामने आ रहे हैं। एक्ट्रेस को सकारात्मक रिएक्शंस मिल रहे हैं। यूजर्स उन्हें डिज्नी प्रिंसेस बुला रहे हैं।



### ये भारतीय स्टार्स आएंगे नजर

इस साल कान फिल्म फेस्टिवल में नजर आने वाले भारतीय सितारों में आलिया भट्ट और तारा सुतारिया के अलावा ऐश्वर्या राय बच्चन, अदिति राव हैदरी, मौनी रॉय और करण जौहर के भी इस फेस्टिवल में पहुंचने की संभावनाएं हैं। फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया को 65वें कान क्रिटिक्स वीक के जूरी का अध्यक्ष भी बनाया गया है।

## लकड़बग्घा-2 की होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

**मुंबई।** अभिनेता और निर्देशक अंशुमन झा की फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' इस साल 79वें कान फिल्म फेस्टिवल के मार्चे दु फिल्म में स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए तैयार है। फिल्म 'लकड़बग्घा 2' साल के आखिर में रिलीज से पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज होने की तैयारी कर रही है। फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' को 79वें कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी। 'लकड़बग्घा 2' भारत और इंडोनेशिया के बीच पहला आधिकारिक सह-निर्माण (को-प्रोडक्शन) है। इस फिल्म का निर्देशन अंशुमन झा ने किया है। फिल्म में सनी पैंग, डैन चुपोंग, आदिल हुसैन, सारा-जेन डायस और अंशुमन झा ने भी अभिनय किया है। अंशुमन झा ने बताया, 'पहली फिल्म कुत्तों के प्यार पर आधारित थी। दूसरी फिल्म 'द मंकी बिजनेस' इसे बढ़ाकर सभी जानवरों तक ले जाती है। जानवर इसलिए खत्म हो रहे हैं क्योंकि इंसानियत खत्म हो रही है। हम एक्शन को सिर्फ मार-पीट तक नहीं रखना चाहते, बल्कि इसमें गहराई और मकसद भी देना चाहते हैं।' अंशुमन झा की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' दिवाली 2026 पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म, जो 2023 की फिल्म का सीक्वल है, दिवाली 2026 पर नितेश तिवारी की 'रामायण भाग 1' के साथ बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगा।



## बॉम्बे स्टोरीज भी होगी प्रदर्शित

*मुंबई। कान फिल्म फेस्टिवल में मौनी रॉय शिरकत करने के लिए तैयार हैं। उनकी इंडो-अमेरिकन फिल्म 'बॉम्बे स्टोरीज' को समारोह में प्रदर्शित किया जाएगा। शाह काजमी द्वारा निर्देशित यह फिल्म सआदत हसन मंटो के उपन्यास पर 'बॉम्बे स्टोरीज' पर आधारित है। निर्देशक काजमी ने इस साल मार्चे डू फिल्म में फिल्म की स्क्रीनिंग की पुष्टि की। उन्होंने कहा, 'इसे कान्स फिल्म मार्केट में प्रदर्शित किया जाएगा। 19 मई को कान्स से और ज्यादा जानकारी जारी की जाएगी। हम पोस्टर लॉन्च भी कर रहे हैं। यह एक सशक्त महिला-केंद्रित फिल्म है जिसमें एक संदेश है। यह भारतीय उपमहाद्वीप के महानतम लेखकों में से एक द्वारा लिखित एक संकलन पर आधारित है।'निर्देशक ने कहा, "मेरी यात्रा 2016 में कान्स से शुरू हुई। जब हम मंटो की विभाजन संबंधी कहानियों पर आधारित फिल्म 'मंटोस्तान' (2017) बना रहे थे, तब मुझे इस फिल्म समारोह के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। सौभाग्य से, हमें कान्स में जगह मिली और इस मंच ने हमें काफी पहचान दिलाई है।" फिल्म में मौनी के अलावा, अनुप्रिया गोयनका और सुष्मिता सिंह भी अहम किरदार में हैं। इसकी कहानी शहर की सेक्स वर्करों की जिंदगी पर आधारित है।*

## दशकों से भारतीय फिल्मों, कलाकारों और मेकर्स ने बनाई है अपनी अलग पहचान

# कान फिल्म फेस्टिवल में भारत का जलवा, रेड कार्पेट से अवॉर्ड तक का शानदार सफर

*नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में गिने जाने वाले कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय सिनेमा का सफर बेहद खास रहा है। दशकों से भारतीय फिल्मों, कलाकारों और फिल्ममेकर्स ने कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी अलग पहचान बनाई है। कभी फिल्मों ने यहां तालियां बटोरीं, तो कभी भारतीय सितारों का रेड कार्पेट लुक चर्चा में रहा।*

### नीचा नगर बनी पहली भारतीय फिल्म




भारत ने पहली बार साल 1946 में कान फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया था। नीचा नगर पहली भारतीय फिल्म थी, जिसने कान में बड़ी सफलता हासिल की। फिल्म को उस समय फेस्टिवल का सबसे बड़ा सम्मान पाम डी ओर (तब ग्रैंड प्रिक्स) मिला था। यह भारतीय सिनेमा के लिए गर्व का पल था।

### सत्यजीत रे ने बढ़ाया भारत का मान



इसके बाद धीरे-धीरे भारतीय फिल्मों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी मौजूदगी मजबूत करनी शुरू की। सत्यजीत रे की फिल्मों ने कान में भारत का नाम रोशन किया। उनकी कई फिल्मों को वहां सराहा गया और दुनियाभर के दर्शकों ने भारतीय कहानी कहने के अंदाज को पसंद किया।

### जब भारत को कंट्री ऑफ ऑनर चुना गया

साल 2022 भारत के लिए और भी खास रहा, जब भारत को कान फिल्म फेस्टिवल में कंट्री ऑफ ऑनर चुना गया। उसी साल दीपिका पादुकोण को जूरी सदस्य बनने का मौका मिला, जो भारतीय सिनेमा के लिए बड़ी उपलब्धि मानी गई।

### ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों का शानदार प्रदर्शन

हाल के वर्षों में ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों ने भी कान में शानदार प्रदर्शन किया और साबित किया कि भारतीय सिनेमा अब सिर्फ बॉलीवुड तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी कहानियां दुनियाभर के दर्शकों को प्रभावित कर रही हैं। आज कान फिल्म फेस्टिवल भारतीय सिनेमा के लिए सिर्फ एक मंच नहीं, बल्कि दुनिया के सामने अपनी कला, संस्कृति और कहानियों को दिखाने का सबसे बड़ा अवसर बन चुका है।

### सलाम बॉम्बे ने बटोरी तारीफें

साल 1988 में 'सलाम बॉम्बे' ने कान में खूब तारीफें बटोरीं और कैमरा डी'ऑर अवॉर्ड जीता। इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा को नई पहचान दिलाई। वहीं , मीरा नायरभी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हो गईं।



### भारतीय सितारों ने खींचा सबका ध्यान

कान फिल्म फेस्टिवल में सिर्फ फिल्में ही नहीं, भारतीय सितारों का फैशन और ग्लैमर भी हमेशा चर्चा में रहता है। ऐश्वर्या राय बच्चन, दीपिका पादुकोण, सोनम कपूर और प्रियंका चोपड़ा जैसे सितारों ने रेड कार्पेट पर अपने शानदार अंदाज से दुनियाभर का ध्यान खींचा।

**खबर संक्षेप**

## समिति ने करवाया 30वां पूर्ण शरीर दान

**सोनीपत।** समाज कल्याण शिक्षा समिति द्वारा विष्णु सिंह पुत्र पदम सिंह का पूर्ण शरीर दान महर्षि मार्कंडेय मेडिकल कॉलेज अंबाला में करवाया गया। संस्था द्वारा कराया गया यह 30वां पूर्ण शरीर दान है। बताया गया कि विष्णु सिंह का जन्म पश्चिम बंगाल में हुआ था और छोटी उम्र में वह उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में आ गए थे। वहां उन्होंने मजदूरी कर जीवन यापन किया। उनकी शादी नहीं हुई थी। बाद में वह सोनीपत में गौ सेवकों के संपर्क में आए और गौ सेवा से जुड़ गए। विष्णु सिंह ने अपनी इच्छा जताई थी कि मृत्यु के बाद उनका शरीर दान किया जाए। इसके बाद गौ रक्षकों ने समाज कल्याण शिक्षा समिति के माध्यम से 3 मार्च को उनका शरीर दान फॉर्म भरवाया।

## मोबाइल छीनने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना मुरथल पुलिस ने घर में घुसकर चाकू के बल पर मोबाइल फोन छीनने के मामले में आरोपित सुनील उर्फ सीना निवासी गांव मुरथल को गिरफ्तार किया है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार गांव मुरथल निवासी अमित ने शिकायत दी थी कि 9 और 10 मई की रात करीब दो बजे वह अपनी मां के साथ घर में सो रहा था। इसी दौरान तीन युवक मुंह पर कपड़ा बांधकर घर में घुस आए। आरोपितों ने चाकू दिखाकर उसे डराया और रुपये के बारे में पूछते हुए तलाशी लेने लगे। इसके बाद उसका मोबाइल फोन छीन लिया था।

## घर से जेवर और नकदी चोरी का आरोपित दबोचा

**सोनीपत।** थाना शहर सोनीपत पुलिस ने घर से आभूषण, मोबाइल फोन और नकदी चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित अजय पुत्र सज्जन पाल निवासी गांव ककरोई को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से चोरीशुदा मोबाइल फोन और नकदी बरामद की है। पुलिस के अनुसार 15 अप्रैल 2026 को एक महिला ने शिकायत दी थी कि वह अपने बेटे को दवाई दिलाने के लिए घर से बाहर गई थी। वापस लौटने पर कमरे और संदूक का ताला टूटा मिला। जांच करने पर सोने की बालियां, चांदी की पाजेब, चुटकियां, अंगूठी, नाक का कोका, मोबाइल फोन और करीब 50 से 54 हजार रुपये चोरी मिले थे।

### निगम आयुक्त ने जनगणना नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के दिए थे निर्देश

# अनुपस्थित 61 कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**जनगणना-2027 का प्रथम चरण शुरू हुए 12 दिन बीते, अनुपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी को तत्काल उपस्थित होने की हिदायत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जनगणना देश के विकास की आधारभूत प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से सरकार को जनसंख्या, शिक्षा, रोजगार, आवास व अन्य सामाजिक और आर्थिक पहलुओं से जुड़े महत्वपूर्ण आंकड़े प्राप्त होते हैं। जिले में जनगणना-2027 का प्रथम चरण शुरू हुए करीब 12 दिन बीत चुके हैं। ड्यूटी पर लगाए गए विभिन्न विभागों के कर्मचारियों (गणनाकार) के माध्यम से घर-घर संपर्क कर मकान सूचीकरण किया जा रहा है। यह गणनाकार प्रत्येक मकान सूचीकरण एवं उससे संबंधित 33 प्रश्नों की जानकारी एकत्रित कर रहे हैं।

अब प्रशासन ने जनगणना कार्य में लगाए गए अनुपस्थित 61 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही ऐसा न करने पर विभागीय जांच करवाने की तैयारी शुरू कर दी है। नगर निगम की संयुक्त आयुक्त एवं जनगणना नोडल अधिकारी मीतू धनखड़ की ओर से इन कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। जनगणना कार्य से अनुपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी को तत्काल कार्य पर उपस्थित होने और अपना समाधानकारक स्पष्टीकरण चार्ज अधिकारी के समक्ष दस्तावेजों सहित प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्य पर अनुपस्थित नहीं होने और समाधान कारक स्पष्टीकरण प्राप्त न होने की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि जनगणना से पहले आवास गणना की यह प्रक्रिया 30 मई तक जारी रहेगी। नगर निगम क्षेत्र में यह काम 22 वार्डों में 711 ब्लॉक बनाकर किया जा रहा है। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि काम में ढिलाई किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।


**सोनीपत।** नगर निगम क्षेत्र में जनगणना का कार्य करते ड्यूटी पर कार्यरत कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

### इन 33 सवालों का जवाब किया जा रहा एकत्रित

अधिकारियों की मानें तो गणनाकारों की ओर से सबसे पहले भवन नंबर व जनगणना मकान नंबर पूछा जा रहा है। सामान्य तौर पर यह नंबर गणनाकार स्वयं डाल देगा। इसके बाद मकान के फर्श में प्रयुक्त सामग्री, दीवार में प्रयुक्त सामग्री, छत में प्रयुक्त सामग्री की जानकारी ली जाएगी। अगला सवाल मकान के उपयोग व मकान की हालत से संबंधित होगा। इसके बाद परिवार क्रमांक संबंधी प्रश्न होगा, जो एप में स्वतः अपडेट हो जाएगा। इसके बाद परिवार में रहने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या पूछी जाएगी। परिवार के मुखिया का नाम, जाति से संबंधित, के जवाब लिए जाएंगे।

### निगम आयुक्त ने दिए थे कार्रवाई करने के निर्देश

बता दें कि जिले में जनगणना का कार्य पूरा करवाने के लिए जिले में विभिन्न विभागों से करीब 3500 से ज्यादा सरकारी कर्मचारियों सहित 2800 से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें नगर निगम क्षेत्र में 118 सुपरवाइजर और 711 शिक्षकों की ड्यूटी लगी हुई है। पिछले सप्ताह नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने संबंधित चार्ज अधिकारी को जनगणना नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस कड़ी में 61 शिक्षकों व कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया है। प्रथम चरण में गणनाकर्ताओं की ओर से मकान की भौतिक स्थिति, परिवार, आवास विवरण, घरेलू सुविधाएं, डिजिटल उपकरण, संपत्ति व सत्यापन जैसे विभिन्न 33 सवाल पूछे जा रहे हैं। यह चरण मुख्य रूप से घरों की भौतिक स्थिति, सुविधाओं व संपत्तियों पर केंद्रित है। इसके बाद जनगणना 2027 के दूसरे चरण का 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक आयोजन किया जाएगा।

### किसी ने अन्य जिले में बताई तैनाती, तो कोई कैंसर व हृदय रोग से पीड़ित

जनगणना कार्य में अनुपस्थित रहने वाले कुछ कर्मचारियों की व्यथा भी सामने आई है। इनमें कृषि विभाग में तैनात महिला कर्मी ने पलवल में तैनाती होने की बात कही, तो गढ़ी ब्राह्मणान स्थित राजकीय स्कूल की शिक्षिका ने कैंसर होना बताया। नौ कर्मियों ने नगर निगम चुनाव में ड्यूटी होने की बात कहीं। स्वास्थ्य विभाग व मालवीय शिक्षा सदन के एक-एक कर्मचारी ने सेवानिवृत्त होने की बात कही। नगर योजनाकार विभाग के कर्मचारी ने गुरुग्राम में पोस्टिंग होने की सूचना दी, तो दो कर्मचारियों ने खुद को हृदय रोगी बताया। निजी स्कूल की एक कर्मचारी पहले ही नौकरी छोड़ चुकी है, तो कृषि विभाग का एक कर्मचारी सस्पेंड चल रहा है।

# राजीव जैन ने मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण


**सोनीपत।** मतगणना केंद्र का निरीक्षण करते भाजपा मेयर प्रत्याशी राजीव जैन।

- सोनीपत नगर निगम चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत का किया दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार और भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने मंगलवार को मोहाना स्थित बिट्स कॉलेज में बनाए गए मतगणना केंद्र का जायजा लिया। 13 मई को होने वाली मतगणना से पहले उन्होंने चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों से मतगणना प्रक्रिया की जानकारी ली और कहा कि भाजपा प्रत्याशी और उनके एजेंट पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने मतगणना केंद्र और स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था पर संतोष जताया। मतगणना केंद्र के बाहर मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखते हुए राजीव जैन ने दावा किया कि नगर निगम चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत होगी। उन्होंने कहा कि मेयर पद के साथ सभी 22 वार्डों में भाजपा प्रत्याशी जीत दर्ज करेंगे। राजीव जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नीतियों पर जनता ने भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और युवाओं ने भी भाजपा को समर्थन दिया है। उन्होंने सोनीपत नगर निगम क्षेत्र के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए जनता और कार्यकर्ताओं का समर्थन व सहयोग के लिए आभार जताया।

## रोटरी क्लब ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**सोनीपत।** रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत आर्डेंट द्वारा माउंट ओलंपस स्कूल में नवरेखा हॉस्पिटल के सहयोग से सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर, एडवांस पाप स्मीयर टेस्टिंग एवं मैमोग्राफी स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 80 लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई, जबकि करीब 20 महिलाओं ने पाप स्मीयर और मैमोग्राफी स्क्रीनिंग का लाभ उठाया। शिविर का उद्देश्य महिलाओं और आम नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा समय रहते आवश्यक जांच सुविधाएं उपलब्ध करवाना रहा। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी।

# छात्राओं को बेहतर अवसर प्रदान कर आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना उद्देश्य

- डॉ अनिल कुमार ने संभाला राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य का पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

राजकीय सावित्रीबाई फुले कन्या कॉलेज में डॉ अनिल कुमार ने प्रिंसिपल का एडिशनल चार्ज ले लिया है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि वह शिक्षा विभाग में दो दशक से अधिक समय से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इन दिनों वह बाढडा के राजकीय कॉलेज में प्रिंसिपल के पद पर कार्यरत है और उन्हें खरखौदा के राजकीय सावित्रीबाई फुले कन्या कॉलेज में एडिशनल चार्ज दिया गया है। पत्रकार वार्ता में महाविद्यालय के भविष्य दृष्टिकोण, शैक्षणिक उत्कृष्टता, प्रवेश प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने तथा संस्थान के समग्र विकास संबंधी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय का उद्देश्य छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक सुविधाएँ एवं बेहतर अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है। साथ ही, महाविद्यालय को नई उपलब्धियों और ऊंचाइयों तक पहुँचाने हेतु सभी हितधारकों के सहयोग पर बल दिया गया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है तथा सभी प्रवेश सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क के अनुसार ही किए जाएंगे। छात्राओं एवं अभिभावकों का आह्वान किया गया कि वे समय रहते प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर महाविद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ उठाएं।


पत्रकारों से रूबरू प्राचार्य डॉ अनिल कुमार।

## अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया

**गोहाना।** पुराना बस अड्डा गोहाना स्थित सत नगर में आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। मार्गदर्शन मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी का रहा और अध्यक्षता उधम सिंह कश्यप ने की। मुख्य वक्ता मोर्चो के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने कहा सृष्टि के कण-कण में जब पीड़ा कराह उठाती है तब उस वेदना पर जो शीतल स्पर्श बनकर उभरता है वही नर्सिंग है। यह केवल एक पेशा नहीं बल्कि त्याग की पराकाष्ठा, करुणा की संजीव अभिव्यक्ति और ईश्वरीय सेवा का मानवीय रूप है। यदि चिकित्सक को रोग का निदान करने वाला मस्तिष्क कहा जाए तो नर्स उस संपूर्ण चिकित्सा व्यवस्था का धडक़ता हुआ हृदय है।

# विद्यार्थियों ने मानव सेवा और नर्सिंग पेशे की गरिमा बनाए रखने की शपथ ली

- हैप्पी चाइल्ड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नर्सेज डे समारोह सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हैप्पी चाइल्ड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अंतरराष्ट्रीय नर्सेज डे पर दो दिवसीय समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के चेयरमैन नरेंद्र बालियान ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में हैप्पी चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य सुदेश बालियान मौजूद रहीं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रेनी थॉमस ने अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए नर्सिंग पेशे की महत्ता पर प्रकाश डाला। समारोह में विद्यार्थियों के लिए स्लोगन राइटिंग, कुकिंग विदाउट फायर, रंगोली मेकिंग, पोस्टर मेकिंग और डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की ओथ सेरेमनी भी आयोजित हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने मानव सेवा और नर्सिंग पेशे की गरिमा बनाए रखने की शपथ ली।


**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के साथ स्कूल स्टाफ।

# पाण्डुलिपियां केवल पुराने दस्तावेज नहीं, बल्कि पूर्वजों द्वारा संचित ज्ञान का भंडार : यशपाल

- पाण्डुलिपि संरक्षण विषय पर एक विशेष विस्तार व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पीपली में प्राचार्या डॉ तराना नेगी के मार्गदर्शन में इतिहास विभाग द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत पाण्डुलिपि संरक्षण विषय पर एक विशेष विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्राचीन पाण्डुलिपियों के ऐतिहासिक महत्व और उनके वैज्ञानिक रखरखाव की तकनीकों से अवगत कराना था। व्याख्यान का आयोजन इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ किरन सरोहा द्वारा किया गया। विस्तार व्याख्यान में मुख्य वक्ता की भूमिका डॉ यशपाल सिंह, प्रोफेसर बाबा मस्तनाथ विवि रोहतक ने निभाई। इस दौरान पाण्डुलिपियों को संरक्षित करने की पारंपरिक और आधुनिक विधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कहा कि पाण्डुलिपियाँ केवल पुराने दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि वे हमारे पूर्वजों द्वारा संचित ज्ञान का भंडार है।


**खरखौदा।** पांडुलिपि संरक्षण पर बोलते प्रोफेसर डॉ यशपाल सिंह।

## नेतृत्व और राष्ट्र सेवा के प्रति किया प्रेरित

**खरखौदा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मटिंडू में 12 वीं हरियाणा बटालियन एनसीसी, सोनीपत के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अनूप रावत के आदेशानुसार एनसीसी कैडेट्स का नामांकन किया। इस प्रक्रिया में मुख्य भूमिका चीफ ऑफिसर नरसिंह दहिया, सूबेदार जितेंद्र सिंह व एनसीओ वकील की रही। नामांकन के दौरान जूनियर डिवीजन (जे डी) में 33 लड़कों तथा जूनियर विंग (जे डब्ल्यू) में 21 लड़कियों का चयन किया गया। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत कैडेट्स के हाथ, पैर एवं ऊंचाई की बारीकी से जांच की गई। इसके अतिरिक्त दौड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आठवीं व नौवीं कक्षा के लड़के एवं लड़कियों का चयन किया गया।

# फसलों की एमएसपी पर खरीद की गारंटी दे

- पीएम की अपील पर किसान नेता ने दी प्रतिक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर के जिला प्रधान बेदी दहिया ने पीएम मोदी के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा खाद्यान तेल (पाम आयल) का इस्तेमाल कम करने की अपील वैचारिक तौर पर सही है, लेकिन उसके लिए जो पालिसी केंद्र सरकार द्वारा बनाई जानी चाहिए; उसका घोर अभाव है। उन्होंने कहा कि 2024-25 के किसान आंदोलन के दौरान जब हमारी केंद्र सरकार के मंत्रियों से 7 दौर की बातचीत हुई थी तो हम ने बार-बार मंत्रियों से कहा था कि हर साल हमारी सरकार पाम आयल का आयात करने में लगभग 1.71 लाख करोड़ रुपये खर्च करती है जिस से हमारे विदेशी मुद्रा भंडार को नुक्सान होता है। हम ने सरकार से यह आग्रह किया था कि आप पाम आयल के आयात को बंद कर दीजिए और 1.71 लाख करोड़ रुपये का इस्तेमाल भारत के किसानों के लिए एमएसपी गारंटी कानून बनाने पर खर्च कर दीजिए। यूनियन के प्रदेश सचिव वीरेंद्र खोखर शामडी ने बताया कि यदि सरकार सरसों, सूरजमुखी, तिल, तोड़िया आदि फसलों की एमएसपी पर खरीद की गारंटी दे तो भारत खाद्यान तेलों में आत्मनिर्भर बन जायेगा और किसानों को भी फायदा होगा।


**खरखौदा।** पीएम के बयान पर प्रतिक्रिया देते किसान यूनियन नेता।

### एकदम से यूरिया-डीएपी का इस्तेमाल बंद नहीं

कहा कि 2020-21 में जब कोरोना संक्रमण हुआ था तो बाहर से पाम आयल का आयात कम हो गया था जिस से सरसों एमएसपी से भी ऊपर बिकी थी जिसकी वजह से अगले साल हरियाणा में सरसों का रकबा 1.19 लाख हेक्टयर बढ़ गया था। इस सीजन में भी 28 फरवरी को मध्य एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद पाम आयल का आयात कम हो गया था। जिसके फलस्वरूप सरसों के दाम मार्किट में बढ़ गए और सरसों एमएसपी से ऊपर बिकी है। किसान नेता राजबीर माजरा ने कहा कि खेती में एकदम से यूरिया-डीएपी का इस्तेमाल बंद या कम करना संभव नहीं है, क्योंकि इससे पैदावार बहुत कम हो जाएगी जिससे देश में खाद्यान संकट पैदा होने की संभावना है। किसान यूनियन के जिला प्रवक्ता देशपाल ने किसान नेताओं के विचारों पर सहमति जताते तरफदारी की है।

### गुजरात के गांधीनगर में आयोजित चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया

# एशियाई भारोत्तोलन में कल्पना चावला अकादमी की कोमल ने जीता कांस्य

*कोच सत्यवान के साथ-साथ कोमल के परिजनों को भी हार्दिक बधाई दी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

गुजरात के गांधीनगर में आयोजित एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 11 मई को भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए कल्पना चावला अकादमी की विद्यार्थी कोमल कोहर ने शानदार प्रदर्शन कर देश को गौरवान्वित किया है। मात्र 23 वर्ष की आयु में अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कोमल ने कांस्य पदक अपने नाम किया। उन्होंने इस भारोत्तोलन प्रतियोगिता में कुल 177 किलोग्राम वजन उठाया, जिसमें स्नैच श्रेणी में 78 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क श्रेणी में 99 किलोग्राम भार शामिल रहा। क्लीन एंड जर्क में उनके शानदार प्रयास ने उन्हें एक और कांस्य पदक दिलाया। कोमल ने अपनी मेहनत और एकाग्रता से यह ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित की। कोमल की इस शानदार उपलब्धि पर अकादमी के विद्यार्थियों ने उन्हें बधाइयां दीं। कोमल की इस शानदार सफलता के पीछे उनके कोच सत्यवान का कुशल मार्गदर्शन और अटूट मेहनत है। इस उपलब्धि पर अकादमी ने कोच सत्यवान के साथ-साथ कोमल के परिजनों को भी हार्दिक बधाई दी। प्राचार्या उषा वत्स और प्राथमिक प्रभारी रितु ने कोमल की प्रशंसा करते हुए उन्हें अपना आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


**खरखौदा।** पोडियम पर पदक ग्रहण करते हुए कोमल। *फोटो : हरिभूमि*

### बास्केटबॉल प्रतियोगिता में पाया तृतीय स्थान

**सोनीपत।** किलोई, रोहतक में 8 से 10 मई तक आयोजित 58वीं राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में सर छोटूराम मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रतनगढ़ माजरा की छात्र एवं छात्रा टीमों ने सोनीपत का प्रतिनिधित्व करते तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा रहे। विद्यालय की छात्र टीम में मोनीत, प्रिंस, आर्यन, मिक्कू और अर्पित शामिल रहे, जबकि छात्रा टीम में चेस्टा, वैश्नवी, अंजू, तमन्ना, योगिता और इशिका ने शानदार प्रदर्शन किया।

### शॉट पुट इवेंट में अंशु ने जीता कांस्य

**सोनीपत।** चेन्नई के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित इंडियन एथलेटिक्स सीरीज-6 प्रतियोगिता में सोनीपत के खिलाड़ी अंशु धनखड़ ने शानदार प्रदर्शन करते शॉट पुट इवेंट में कांस्य पदक हासिल किया। अंशु धनखड़ की इस उपलब्धि से जिले और प्रदेश का नाम रोशन हुआ है। प्रतियोगिता का आयोजन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और तमिलनाडु एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा किया गया। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह ने बताया कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक सहित कुल आठ पदक जीते। महासचिव प्रदीप मलिक के अनुसार निधि रानी ने जेवलिन थ्रो, कृष्ण कुमार ने 800 मीटर दौड़ और अनु ने 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता।



## इंटर स्टेट डोजो कराटे चैंपियनशिप में प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते 3 स्वर्ण पदक

**खरखौदा।** इंटर स्टेट डोजो कराटे चैंपियनशिप में प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते 3 स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। खरखौदा में हुई प्रतियोगिता में समिक्ष मान ने सब जूनियर वर्ग 40 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल, अमोल खटाना ने सब जूनियर 50 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण व कुनाल राठी ने सीनियर वर्ग 52 किलोग्राम में गोल्ड मेडल हासिल किया। विद्यालय पहुंचने पर खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओम प्रकाश दहिया व एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शिक्षा तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें खेल, संस्कार और व्यक्तित्व विकास के क्षेत्र में भी आगे बढ़ाना है। खिलाड़ियों ने जीत का श्रेय विद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई जा रही खेल सुविधाओं, बेहतर प्रशिक्षण और शिक्षकों व अभिभावकों को दिया।

## निगम चुनाव : मतगणना के लिए बीट्स मोहाना में तैयारियां पूर्ण, सुबह आठ बजे से शुरू होगी काउंटिंग

# फैसला आजः 23 के सिर सजेगा ताज, 75 को मिलेगी हार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम चुनाव के महासंग्राम का परिणाम अब अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है। सोनीपत नगर निगम के मेयर और पार्षदों के भाग्य का फैसला आज बुधवार को बीट्स मोहाना में होने वाली मतगणना प्रक्रिया के साथ हो जाएगा। जिला प्रशासन ने इस पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतगणना सुबह ठीक आठ बजे शुरू होगी और उम्मीद जताई जा रही है कि दोपहर तक शहर की नई सरकार की तस्वीर साफ हो जाएगी। रिटर्निंग अधिकारी और अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा ने बीट्स मोहाना का दौरा कर व्यवस्थाओं का अंतिम निरीक्षण किया और सुरक्षा से लेकर तकनीकी इंतजामों तक का जायजा लिया। अतिरिक्त उपायुक्त के साथ निरीक्षण के दौरान भगत फूल सिंह मेडिकल कॉलेज खानपुर के अतिरिक्त निदेशक सुरेन्द्र दून, बीडपीओ राजेश, अंकुर और मैजर संजय श्योराण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे जिन्होंने अपने-अपने प्रभार वाली व्यवस्थाओं की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस बार के चुनाव में मेयर पद के लिए भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला देखा जा रहा है। भाजपा की ओर से अनुभवी चेहरे मैदान में हैं तो वहीं कांग्रेस ने भी पूरी ताकत झोंक रखी है। इसके अलावा आम आदमी पार्टी और निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी कई वार्डों में समीकरण बिगाड़ दिए हैं। वार्ड संख्या 5, 8 और 14 में कांटे की टक्कर मानी जा रही है जहां पूर्व पार्षदों और नए चेहरों के बीच मुकाबला है। आज 23 के सिर ताज सजेगा वहीं 75 को हार मिलेगी।

### पिछली बार कांग्रेस ने जीता था चुनाव

अगर पिछले नगर निगम चुनावों की बात करें तो सोनीपत में मुकाबला काफी रोचक रहा था। पिछली बार मेयर पद पर कांग्रेस के निखिल मदान ने जीत दर्ज की थी जिन्होंने भाजपा के ललित बत्रा को पराजित किया था। उस समय कुल 20 वार्डों में से अधिकतर पर निर्दलीयों और कांग्रेसी दलों का कब्जा रहा था। हालांकि इस बार परिसीमन और नए समीकरणों के बाद वार्डों की स्थिति बदली है जिससे परिणाम काफी चौंकाने वाले हो सकते हैं।



सोनीपत। मतगणना केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचें अधिकारी।

### मतगणना की टेबल और कर्मचारियों की तैनाती

प्रशासन ने मतगणना के लिए विस्तृत खाका तैयार किया है ताकि परिणामों में किसी भी प्रकार की देरी या त्रुटि न हो। मेयर पद की मतगणना के लिए 20 टेबल लगाई गई हैं जबकि पार्षदों के लिए 15 टेबल निर्धारित की गई हैं। इसके अलावा पोस्टल बैलेट की गिनती के लिए एक अलग टेबल की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक टेबल पर दक्ष गणना कर्मियों की नियुक्ति की गई है जो सीधे रिटर्निंग अधिकारी की निगरानी में कार्य करेंगे। सुरक्षा के लिहाज से पूरे परिसर को सीसीटीवी कैमरों से कवर किया गया है और केवल अधिकृत पास धारकों को ही अंदर जाने की अनुमति दी जाएगी। मतगणना केंद्र के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे।

### *सियासी समीकरण और मतदान का रुझान*

*इस बार के चुनाव में स्थानीय मुद्दों का भी असर देखने को मिला है। सोनीपत की जनता ने जलभराव, सीवरेज व्यवस्था और सड़कों की हालत जैसे बुनियादी मुद्दों पर वोट किया है। चुनाव प्रचार के दौरान सभी दलों ने एक-दूसरे पर जमकर आरोप-प्रत्यारोप लगाए थे। अब देखना यह होगा कि मतदाताओं ने किसके वादों पर भरोसा जताया है। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि मेयर पद के लिए कांटे की टक्कर है और जीत का अंतर बहुत कम रह सकता है। वहीं पार्षदों के चुनाव में स्थानीय व्यक्तिगत रसूख पार्टी सिंबल से अधिक प्रभावी नजर आ रहा है।*

### *जैन भी आश्वस्त और कमल दिवान भी*

*सोनीपत के इस नगर निगम चुनाव में कई बड़े नाम अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मेयर पद के लिए प्रमुख प्रत्याशियों में जहां सत्ताधारी दल की ओर राजीव जैन, वहीं कांग्रेसी कमल दिवान भी अपनी जीत को लेकर आश्वस्त है। पार्षदों की श्रेणी में वार्ड 1 से लेकर वार्ड 22 तक के प्रत्याशियों ने पिछले कई महीनों से क्षेत्र में पसीना बहाया है। कई पूर्व पार्षद अपनी सीट बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं तो कई युवा चेहरों ने पहली बार चुनाव लड़कर स्थापित नेताओं को कड़ी चुनौती दी है। मतगणना के दिन इन सभी की मेहनत का परिणाम ईवीएम से बाहर आएगा।*

## त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में मतगणना

### *500 पुलिस जवानों के हवाले केंद्र की सुरक्षा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम के महासंग्राम का परिणाम अब चंद घंटों की दूरी पर है। 13 मई को बीट्स मोहाना में होने वाली मतगणना को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के अभेद्य इंतजाम किए हैं। मतगणना केंद्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया है, जहां त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए 500 पुलिस जवानों की तैनाती की गई है, जिसकी कमान स्वयं डीसीपी कुशल पाल सिंह संभाल रहे हैं। प्रशासन का लक्ष्य मतगणना प्रक्रिया को पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराना है। सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए मतगणना केंद्र के आसपास पांच विशेष नाके स्थापित किए गए हैं। इन नाकों पर आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति और वाहन की सघन जांच की जा रही है। डीसीपी कुशल पाल सिंह ने बताया कि मतगणना केंद्र के बाहरी क्षेत्र में पुलिस की पेट्रोलिंग टीमें लगातार गश्त करेंगी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अव्यवस्था की स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए रिजर्व पुलिस बल को भी तैनात रखा गया है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि राज्य निर्वाचन आयोग के नियमों का अक्षरशः पालन किया जाए और किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को केंद्र के समीप न आने दिया जाए।



### मोबाइल और पेन ले जाने पर भी रोक

प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से मतगणना केंद्र के भीतर ले जाने वाली वस्तुओं की लंबी सूची जारी की है। केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, वायरलेस सेट, वॉकी-टॉकी, बेल्ट, पेन, पेंसिल और किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अतिरिक्त लाइटर, माचिस, सिगरेट, ब्लेड, चाकू या किसी भी प्रकार के तरल केमिकल को ले जाना वर्जित है। प्रत्येक प्रवेश द्वार पर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की टीमें गहन तलाशी के बाद ही प्रवेश देंगी।

### धारा 163 के साये में होगी काउंटिंग

मतगणना केंद्र की गरिमा और सुरक्षा को देखते हुए 500 मीटर की परिधि में धारा 163 लागू कर दी गई है। इसके तहत पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के एक जगह इकट्ठा होने पर रोक रहेगी। डीसीपी ने स्पष्ट किया है कि केंद्र के बाहर भीड़ जुटाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यातायात को सुचारू रखने के लिए प्रशासन ने चार अलग-अलग पार्किंग स्थल निर्धारित किए हैं, ताकि मुख्य सड़क पर जाम की स्थिति पैदा न हो।

### प्रत्याशियों और एजेंटों के लिए दिशा-निर्देश

मतगणना केंद्र में केवल उन्हीं एजेंटों और प्रत्याशियों को प्रवेश मिलेगा जिनके पास प्रशासन द्वारा जारी वैध पहचान पत्र होंगे। रिटर्निंग अधिकारी और अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि मतगणना हॉल के भीतर अनुशासन बनाए रखना अनिवार्य है। सभी अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए वायरलेस कंट्रोल रूम भी सक्रिय कर दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### कल होगी बाढ़ आपदा मॉक एक्सरसाइज

**सोनीपत।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन ऑथोरिटी और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा के निर्देशन में 14 मई को जिला के खुबडू और ककरोई नहरी जंक्शन पर बाढ़ आपदा मॉक एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी। उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष नेहा सिंह ने बताया कि इसका उद्देश्य बाढ़ जैसी स्थिति में विभिन्न विभागों की समन्वय क्षमता, त्वरित प्रतिक्रिया और राहत-बचाव तैयारियों को परखना है।

### घर के बरामदे से दो भैंस और कटड़ियां चोरी

**गन्नौर।** गांव लालागढ़ी में चोर एक बुजुर्ग महिला के घर से दो भैंस और उनकी दूध पीने वाली कटड़ियां चोरी कर ले गए। घटना का पता सुबह उस समय चला जब महिला पशुओं को चारा डालने के लिए उठी। पीड़िता की शिकायत पर गन्नौर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सुमित्रा पत्नी स्वर्गीय ओमप्रकाश निवासी गांव लालागढ़ी ने बताया कि उसके पति निधन हो चुका है और वह अपने परिवार का पालन-पोषण पशुओं का दूध बेचकर करती है।

### 15 जून से पहले धान की रोपाई करने पर होगी कार्रवाई

**गोहाना।** भू-जल के अत्यधिक दोहन को रोकने के लिए15 जून से पहले धान की रोपाई करना वर्जित है। ऐसा करने पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई अमल में लाते हुए फसल को नष्ट करने का प्रावधान है। इस संदर्भ में मंगलवार को शहर में सोनीपत मार्ग स्थित कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कार्यालय में एसडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा ने कहा कि हरियाणा एवं पंजाब उच्च न्यायालय प्रिजर्वेशन ऑफ सबसाइल वाटर एक्ट (2009) के अनुसार भू-जल संरक्षण आवश्यक है। धान की फसल तैयार करने में पानी की लागत बहुत अधिक होती है। ऐसे में 15 मई से पहले धान की नर्सरी बोना और 15 जून से पहले धान की रोपाई करना वर्जित है।

## खाद, बीज और कीटनाशक विक्रेताओं को विभागीय नियमों पालन के दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गन्नौर फर्टिलाइजर्स, सीड्स एवं पेस्टिसाइड एसोसिएशन की कृषि विभाग के अधिकारियों ने बैठक ली । जिसमें कृषि विभाग के डीडीए प्रवीन गुलिया तथा एडीओ आनंद श्योराण के गन्नौर पहुंचने पर एसोसिएशन पदाधिकारियों ने फूलमालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन प्रधान कृष्ण छीक्कारा ने की। बैठक में खाद, बीज और कीटनाशक विक्रेताओं को विभागीय नियमों और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीडीए प्रवीन गुलिया ने सभी दुकानदारों को निर्देश दिए कि वे अपनी दुकानों पर खाद, बीज और दवाइयों के लाइसेंस स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें। इसके अलावा खाद के स्टॉक का पूरा विवरण दुकान पर प्रदर्शित करने और स्टॉक रजिस्टर



नियमित रूप से अपडेट रखने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि जिस कंपनी का माल बेचा जा रहा है, उसका अधिकृत लाइसेंस और दस्तावेज दुकान पर उपलब्ध होना जरूरी है। बैठक में किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद, बीज और कीटनाशक उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान सुनील धनखड़, राजू, विक्रम छौक्कर, सुरेशपाल, नरेंद्र लाकड़ा और हिंकू गिरी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## गरीब आवास योजना के प्लाट तक पहुंच रही सड़क पर उगी झाड़ियां

लोगों का आरोप : सरकार नियमित सफाई और रखरखाव पर नहीं दे रही ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

ऋषि चैतन्य आश्रम रोड पर गरीब आवास योजना के तहत आवंटित प्लाटों तक जाने वाली सड़क के दोनों ओर उगी खरपतवार के कारण लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द सफाई करवाने की मांग उठाई है। लोगों ने बताया कि सरकार द्वारा गरीब परिवारों को प्लाट तो उपलब्ध करा दिए गए, लेकिन वहां तक पहुंचने वाले रास्ते की नियमित सफाई और रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। सड़क के किनारों पर उगी ऊंची झाड़ियां अब मार्ग तक फैलने लगी हैं, जिससे सड़क संकरी दिखाई देने लगी है। ऐसे में जब सड़क पर कोई वाहन आता है तो राहगीरों को साइड में हटकर खड़ा होना पड़ता है। सड़क किनारे उगी घनी खरपतवार में सांप और अन्य जहरीले जीव-जंतुओं का डर बना रहता है। खासकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। शाम के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। लोगों का कहना है कि सफाई नहीं करवाई गई तो समस्या और बढ़ सकती है।



गन्नौर। ऋषि चैतन्य आश्रम रोड पर सड़क के साइड में उगी खरपतरवार।

### *जल्दी करवाई जाएगी सफाई : एसडीओ*

*इस बारे में सड़क एवं भवन निर्माण विभाग के एसडीओ अनिल चहल ने बताया कि इस मार्ग पर ओवरलोड डंफरों से गिरी मिट्टी के कारण इस सड़क पर खरपतवार उगी है। विभाग द्वारा उक्त सड़क की दोनों और जल्दी सफाई कराई जाएगी।*

### सूएं से हमला करने का आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** शहर थाना पुलिस ने बर्फ तोड़ने वाले सूए से युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपित नई बस्ती के शुभम उर्फ रमन को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर आरोपित को पुलिस ने एक दिन के रिमांड पर लिया। गांव गढ़ी उजाले खां स्थित नई बस्ती के सतबीर ने 25 अप्रैल को पुलिस को शिकायत दी थी कि उनके बेटे पर सेक्टर 13 के मैदान में हमला किया गया। उसका बेटा दोस्तों के साथ क्रिकेट खेल रहा था, तभी शुभम उर्फ रमन अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा। उन्होंने पुरानी रंजिश को लेकर उनके बेटे का रास्ता रोक लिया और सूए से हमला कर दिया था। पुलिस ने आरोपित शुभम को गिरफ्तार किया।

हरिभूमि

आवश्यक सूचना

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## देश के प्रधानमंत्री का मजाक बनाना अशोभनीय : कुलदीप



**गोहाना।** भाजपा विशेष आमंत्रित सदस्य एवं ग्रीवेंश कमेटी के सदस्य कुलदीप कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशहित में वोकल फॉर लोकल का नारा देते हुए पेट्रोलियम पदार्थों का उपयोग कम करने, विदेशी मुद्रा बचाने और फर्टिलाइजर्स का उपयोग कम करते हुए प्राकृतिक खेती करने पर बल दिया है। इस पर विपक्ष द्वारा उनके बयान का गलत अर्थ निकालकर मजाक बनाना अशोभनीय है। कुलदीप कौशिक ने उदाहरण देते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी। नेताजी ने नारा दिया था कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। इसका अर्थ है कि आजादी के संघर्ष में तुम मेरा साथ दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। यही नहीं 1965 में पाकिस्तान के साथ युद्ध में तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने भी कहा था कि देश में अनाज की कमी है। ऐसे में उन्होंने देशवासियों से हफ्ते में कम से कम एक समय का खाना छोडने का आग्रह किया था। भाजपा नेता कुलदीप कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने बयान में भी यही कहा कि पेट्रोल-डीजल का संयम से इस्तेमाल करें, वर्क फरोम होम को बढ़वा दें, ऑनलाइन कॉन्फ्रेंसिंग करें और वर्चुल मीटिंग इनको फिर से प्राथमिकता दें। विपक्ष द्वारा प्रधानमंत्री के इन बयानों का गलत अर्थ निकालकर हायतौबा करना व लोगों के सामने इन बयानों को गलत तरीके से पेश करना अशोभनीय है।

## सोनीपत नगर निगम चुनाव में भाजपा की जीत तय : देवेंद्र



**गन्नौर।** वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक ने सोनीपत नगर निगम चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत का दावा करते हुए कहा कि मेयर पद के भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन भारी मतों से विजय प्राप्त करेंगे और नगर निगम में भाजपा का बोर्ड बनना तय है। देवेंद्र कौशिक ने कहा कि भाजपा संगठन ने चुनाव को लेकर बूथ स्तर तक मजबूती के साथ कार्य किया है। वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने दिन-रात मेहनत कर घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों की जानकारी जनता तक पहुंचाई। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत का सकारात्मक परिणाम चुनाव नतीजों में साफ दिखाई देगा। वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक ने कहा कि सोनीपत की जनता विकास, पारदर्शिता और मजबूत नेतृत्व के पक्ष में मतदान कर रही है । विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए देवेंद्र कौशिक ने कहा कि जनता अब केवल विकास की राजनीति चाहती है और भाजपा सरकार की नीतियों पर भरोसा जता रही है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि नगर निगम चुनाव के परिणाम भाजपा के पक्ष में ऐतिहासिक साबित होंगे और इस बार सोनीपत नगर निगम में कमल खिलना तय है। भाजपा कार्यकर्ताओं में चुनाव परिणाम को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है और सभी को जीत का पूरा भरोसा है।

## पंचायत मंत्री के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना



गन्नौर। आजाद सिंह नेहरा , मंत्री कृष्ण लाल पंवार के साथ पूजा अर्चना करते हुए ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं लोकसभा संयोजक "मन की बात" कार्यक्रम आजाद सिंह नेहरा ने मंगलवार को हरियाणा सरकार में पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। इसके उपरांत पानीपत स्थित दो नदियों के बीच बने प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में उनके साथ पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान आजाद सिंह नेहरा ने मंत्री कृष्ण लाल पंवार के शीघ्र स्वस्थ होने और दीर्घायु की कामना करते हुए भगवान श्री हनुमान से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि कृष्ण लाल पंवार लंबे समय से जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं और प्रदेश के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। पूजा-अर्चना के दौरान धार्मिक वातावरण बना रहा और उपस्थित लोगों ने भी मंत्री के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंद्र कल्याण के बड़े भाई समर सिंह कल्याण, राजीव गुप्ता, पवन सरपंच तथा प्रिंसिपल सुमेर सिंह भी मौजूद रहे।

## इनेलो ने किया सफाई कर्मचारियों का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

सफाई कर्मचारियों द्वारा की जा रही अनिश्चितकालीन हड़ताल को समर्थन देने के लिए इनेलो नेता नगरपालिका कार्यालय के बाहर धरना स्थल पहुंचे। जिसकी अगुवाई पार्टी के हलका अध्यक्ष बलवान नंबरदार की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की वादाखिलाफी के कारण सफाई कर्मचारी धरना प्रदर्शन को मजबूर हैं। नगर पालिका के कर्मचारी अपनी जायज मांगों कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, ठेका प्रथा बंद करना, समान काम-समान वेतन और पुरानी पेंशन बहाली को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनके प्रति संवेदनहीन बनी हुई है। हड़ताल के कारण पूरे खरखौदा शहर में गंदगी के ढेर लग गए हैं। जगह-जगह कचरे के ढेर लगने से महामारी फैलने का खतरा पैदा हो गया है, जिसका सीधा जिम्मेदार प्रशासन की लापरवाही और कर्मचारियों के प्रति उनका अड़ियल रवैया है। बलवान नंबरदार ने कहा सफाई कर्मचारी दिन-रात गर्मी-सर्दी बारिश ठण्ड की प्रवाह किए बिना शहर को साफ सुंदर बनाने में अपना कर्तव्य निभाते है। लेकिन जब तक सरकार कर्मचारियों की बात नहीं सुनती, व्यवस्था में सुधार संभव नहीं है।



खरखौदा। सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते इनेलो हलका अध्यक्ष बलवान नंबरदार।

### दुकानदारों को भी कूड़ा उठाने से रोका

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते चहुं ओर गंदगी और दुर्गंध का आलम है। जिससे दुकानदारी प्रभावित हो रही है। कूड़े के ढेर को दुकानदारों ने स्वयं उठवाने का प्रयास किया, तो सफाई कर्मचारी मौके पर जा पहुंचे। उन्होंने सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन किया। परिणामस्वरूप दुकानदारों द्वारा कूड़ा उठाने के लिए बुलाए गई ट्रैक्टर ट्राली को खाली लौटाना पड़ा।

FIMS HOSPITAL
BAHALGARH-SONIPAT ROAD, SONIPAT, HARYANA-131001 Ph.No: 7082012402, 0130-2205000

सार्वजनिक सूचना

आप सभी को सूचित किया जाता है कि जिन मरीजों ने 'फिम्स अस्पताल' में 01/01/2016 से लेकर 31/12/2020 तक भर्ती होकर अपना या अपने परिवार के सदस्य का इलाज कराया है, उनके मेडिकल आई.पी.डी. रिकॉर्ड को नष्ट किया जा रहा है। इसके अलावा 01/04/2020 से लेकर 30/04/2023 से पूर्व के ओ.पी.डी. रिकॉर्ड, को भी नष्ट किया जा रहा है।

अगर किसी को उपरोक्त अवधि का कोई रिकॉर्ड चाहिए तो कृपया फिम्स अस्पताल प्रशासन के मेडिकल रिकॉर्ड विभाग (बेसमेंट) में, रोगी के आई.पी.डी. नंबर/ओ.पी.डी. नंबर, रोगी के दाखिले व छुट्टी की तारीख और अपने पहचान पत्र के साथ, इस सूचना के 30 दिन के अंदर संपर्क करें।

रिकॉर्ड नष्ट कर दिये जाने बाद, निर्धारित अवधि के उपरांत अस्पताल में यह रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं होगा। अतः फिम्स अस्पताल पर इस बारे भविष्य में किसी प्रकार का दावा नही किया जा सकेगा।

(अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)